तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 33.1° | 25.0° |
| इंदौर | 32.4° | 32.4° |
| जबलपुर | 30.1° | 25.5° |
| ग्वालियर | 34.5° | 26.3° |

दैनिक
# नईदुनिया

भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 265, पृष्ठ 12)
शुक्रवार 23 अगस्त, 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


**राजधानी...** मुख्यमंत्री को मंत्री सुश्री भूरिया ने बांधी राखी एवं...


**खेल...** अर्पित राणा के साहसिक अर्द्धशतक से पुरानी दिल्ली...


**व्यापार...** महंगा हुआ सोना, चांदी के भाव में आई मामूली...


**देश-विदेश...** यूक्रेन ने मॉस्को में बरसाए गोले, रूस बोला...

www.naiduniaonline.com


*रूस-यूक्रेन युद्ध पर पोलैंड में बोले मोदी...*

# किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता

वारसा (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोलैंड की यात्रा पर हैं। भारतीय समुदायों के साथ संवाद कर पीएम मोदी ने दुनिया को एक बहुत ही बड़ा संदेश दिया है। उन्होंने डोबरी महाराजा स्मारक, कोल्हापुर स्मारक और मोंटे कैसिनो की लड़ाई के स्मारक पर श्रद्धांजलि दी और वारसॉ में भारतीय समुदाय को संबोधित किया।**

पोलैंड के प्रधानंत्री डोनाल्ड टस्क के साथ पीएम मोदी की मुलाकात हुई। मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने भारत और पोलैंड के बीच के रिश्तों के महत्व के बारे में बताया साथ। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान रणभूमि में नहीं हो सकता है। इसके अलावा पीएम ने कई और महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की। भारत एवं पोलैण्ड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी का स्वरूप देने तथा आर्थिक सहयोग को व्यापक बनाने पर सहमति जताने के साथ संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को आतंकवाद सहित वैश्विक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम बनाने के लिए उनमें व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।



पोलैंड की यात्रा पर आये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मेज़बान प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क के बीच यहां प्रतिनिधि मंडल स्तर की द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिये गये। दोनों देशों ने शहरी विकास, तकनीकी उन्नयन एवं सांस्कृतिक जुड़ाव के लिए अनेक फैसलों की घोषणा की। बैठक के बाद श्री मोदी ने अपने प्रेस वक्तव्य में वारसा में उनके गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री श्री टस्क का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री टस्क लंबे समय से भारत के मित्र रहे हैं और भारत और पोलैंड के बीच संबंधों को बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा योगदान है। आज के बाद 45 साल बाद, एक भारतीय प्रधानमंत्री ने पोलैंड का दौरा किया। उन्हें अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में यह अवसर मिला। उन्होंने कहा कि मैं पोलैंड की सरकार और लोगों को धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने 2022 में यूक्रेन संघर्ष के दौरान भारतीय छात्रों को बचाने में जो मदद की है, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल हम अपने राजनयिक संबंधों की 70वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस मौके पर हमने रिश्ते को रणनीतिक साझीदारी में बदलने का फैसला किया है। भारत और पोलैंड के बीच संबंध लोकतंत्र और कानून के शासन जैसे साझा मूल्यों पर आधारित हैं। आज, हमने संबंधों को एक नई दिशा देने के लिए कई पहलों की पहचान की है। दो लोकतांत्रिक देशों के रूप में, हमारी संसदों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। आर्थिक सहयोग को व्यापक बनाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में पोलैंड विश्व में अग्रणी है, हम चाहते हैं कि पोलिश कंपनियां भारत में बन रहे मेगा फूड पार्क से जुड़ें। भारत में तेजी से हो रहे शहरीकरण से जल उपचार, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में हमारे सहयोग के नए अवसर खुल रहे हैं।



# श्योपुर को मिली मेडिकल कॉलेज की सौगात बनेगा शबरी माता का मंदिरः डॉ यादव

**भोपाल( काप्र )। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास का कारवां देश एवं प्रदेश में चल रहा है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में प्रदेश में साढ़े तीन लाख करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया है।**

**मुख्यमंत्री ने 30 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों के खातों में अंतरित की 115 करोड़ रूपये की बोनस राशि**

हमारे प्रयास है कि हम अगले 5 वर्षों में इसे 7 लाख करोड़ रूपये तक ले जाएंगे। हमारा संकल्प देश और प्रदेश को नंबर एक बनाना है। डनहोंने कहा कि श्योपुर-विजयपुर-कराहल क्षेत्र प्राकृतिक दृश्य अत्यंत समृद्ध है, परंतु विकास में अभी तक पिछड़ा हुआ था, अब हम इसे पीछे नहीं रहने देंगे। जनजातीय क्षेत्रों के विकास में भी कोई कमी नहीं रखी जाएगी।मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज श्योपुर जिले के कराहल में तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश के 30 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2023 की 115 करोड़ रूपये की बोनस राशि का वितरण किया। इसी के साथ उन्होंने 37 करोड़ 67 लाख रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण /भूमि पूजन किया, जिनमें 21 करोड़ 28 लाख रुपए के लोकार्पण एवं 16 करोड़ 39 लाख रुपए के शिलान्यास शामिल हैं। उन्होंने अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार अनुसूचित जनजातियों के विकास और में कल्याण में कोई कमी नहीं रखेगी। आज तेंदूपत्ता संग्राहकों में लगभग 50 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोग शामिल हैं। ये लघु वनोपजों पर ही अपना जीवन यापन करते हैं। इन्हें वनोपज का अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही श्योपुर को मेडिकल कॉलेज की सौगात मिलेगी और उसका लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने श्योपुर में शबरी माता मंदिर बनाए जाने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नगर पंचायत कराहल का भवन भी शीघ्र तैयार किया जाएगा। विधानसभा ( शेष पेज 2 पर )

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों से काम पर लौटने की अपील की, बंगाल सरकार को घेरा

# मैं खुद सरकारी अस्पताल में फर्श पर सोया हूंःसीजेआई

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** कोलकाता में महिला डॉक्टर के रेप मर्डर से पूरे देश में आक्रोश है। उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक डॉक्टर्स का विरोध प्रदर्शन देखने को मिल रहा है। गुरुवार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कई सवाल पूछे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने घटना के विरोध में प्रदर्शन कर रहे डॉक्टर्स से फिर से काम पर लौटने को कहा और उन्हें आश्वासन दिया कि उनके काम पर लौटने के बाद उनके खिलाफ कोई किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। कोर्ट की सुनवाई के दौरान एक लम्हा ऐसा भी आया। जब चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डी.वाई. चंद्रचूड़ ने सरकारी अस्पतालों का खुद से जुड़ा अनुभव साझा किया। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया ने कहा कि डॉक्टर काम पर लौटे, एक बार डॉक्टर कम पर लौटेंगे तो हम अथॉरिटी से कहेंगे कि कार्रवाई न करें। हम जानते हैं कि डॉक्टर तो 36 घंटे काम कर रहे हैं। मैं खुद एक सरकारी अस्पताल में फर्श पर सोया हूं, उस वक्त मेरे परिवार के एक सदस्य ( शेष पेज 2 पर )



### एम्स-आरएमएल के रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल खत्म

दिल्ली एम्स के आरडीए ने गुरुवार को अपनी 11 दिन की हड़ताल खत्म करने का फैसला किया है। यह फैसला सुप्रीम कोर्ट की अपील और निर्देश के बाद लिया गया है, जिसमें डॉक्टरों से अपनी ड्यूटी पर लौटने का आग्रह किया गया था। आरडीए ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में हुई घटना को स्वीकार करने और देश भर में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के बड़े मुद्दे को संबोधित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार ( शेष पेज 2 पर )

## वक्फ बिल पर जेपीसी की पहली बैठक में बवाल, हुई तीखी नोकझोंक

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ (संशोधन) विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) ने गुरुवार को अपनी पहली मैराथन बैठक आयोजित की, जबकि प्रस्तावित कानून के कई प्रावधानों पर विपक्षी सांसदों ने आपत्ति जताई थी। इस दौरान केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एक प्रस्तुति दी। लंबी बैठक के दौरान तीखी नोकझोंक हुई, लेकिन विभिन्न दलों के सदस्यों ने अपने विचार दर्ज कराए, सुझाव दिए तथा विधेयक के प्रावधानों पर स्पष्टीकरण मांगा। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी, आप के संजय सिंह, एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी और डीएमके के ए राजा समेत विपक्षी सदस्यों ने कलेक्टर को अधिक अधिकार देने और वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम सदस्यों को शामिल करने जैसे कई प्रावधानों पर सवाल उठाए।

ममता ने मोदी को लिखा पत्र, की मांग

# बने सख्त बलात्कार विरोधी कानून

**कोलकाता ( एजेंसी )।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बलात्कार की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कानून बनाने की मांग की है। यह 31 साल की उम्र के एसोसिएट प्रोफेसर की शव मीटिंग के कुछ हफ्ते बाद आई थी, जिसमें 9 अगस्त को कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल के एक दर्शन हॉल के अंदर कथित तौर पर बलात्कार किया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के मुख्य सलाहकार अलपन बंद्योपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीएम मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने लिखा है- आदरणीय प्रधानमंत्री, मैं आपके ध्यान में बलात्कार की नियमित और बढ़ती घटनाओं की ओर लाना चाहता हूं। पूरे देश में मामले सामने आते हैं और कई मामलों में हत्या के साथ बलात्कार भी होते हैं, यह देखना भयावह है कि पूरे देश में प्रतिदिन लगभग 90 बलात्कार के मामले सामने आते हैं।



**खास-खबरें**

### सामूहिक दुष्कर्म के आरोपी के कॉम्प्लेक्स पर चला बुलडोजर

**अयोध्या ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या के भदरसा कस्बे में नाबालिग बच्ची के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सपा नेता मोईद खान के खिलाफ सरकारी भूमि व तालाब पर बनाए गए मल्टी कॉम्प्लेक्स पर बुलडोजर की कार्रवाई हुई। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात तक आरोपी का आधा साम्राज्य ढहा दिया जाएगा। इससे पहले तहसील प्रशासन की जांच मे आरोपी की बेकरी तालाब की भूमि पर पाए जाने के बाद तहसील प्रशासन ने बेकरी निर्माण इकाई पर बुलडोजर चलवाकर उसे ध्वस्त करा दिया था।

### पश्चिम बंगाल में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**जलपाईगुड़ी ( एजेंसी )।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत बीओपी के पास एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। पकड़े गए नागरिक की पहचान मसूद रहमान के रूप में हुई है और वह भारत में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। गत दिवस 2205 बजे, प. बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात उत्तर बंगाल फ्रंटियर के जलपाईगुड़ी सेक्टर के अंतर्गत बीओपी चंगराबांदा के जवानों ने एक बांग्लादेशी नागरिक मसूद रहमान पुत्र स्वर्गीय अजीजुल रहमान, निवासी गांव कागजीपारा, थाना गंगाचारा, जिला रंगपुर को उस समय पकड़ा, जब वह बांग्लादेश से भारत की सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था।

### त्रिपुरा में भूस्खलन और बाढ़ से हाहाकार, अब तक 10 लोगों की मौत

**अगरतला( एजेंसी )।** त्रिपुरा में बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में मरने वालों की संख्या बढ़कर दस हो गई है। रविवार से पूर्वोत्तर राज्य में भूस्खलन और बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और एक लापता है। त्रिपुरा में 1,900 से अधिक भूस्खलन हुए, जिससे सड़क संपर्क बाधित हुआ और अधिकारियों को रेड अलर्ट जारी करना पड़ा। गुरुवार को भारी बारिश के कारण पश्चिमी त्रिपुरा और सिपाहीजाला जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया। अधिकारियों के अनुसार, त्रिपुरा में भारी वर्षा के कारण कम से कम 32,750 लोगों ने 330 राहत शिविरों में शरण ली है। त्रिपुरा के सीएम माणिक साहा ने अगरतला में बाढ़ की स्थिति का आईटी भवन स्थित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र के माध्यम से आकलन किया।

# जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और एनसी मिलकर लड़ेगी चुनावः फारूक

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में 10 साल बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस मिलकर चुनाव लड़ेंगे। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के चीफ और पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा किया 90 सीटों को लेकर बातचीत फाइनल हो गई है। हम मिलकर लड़ेंगे। सीट शेयरिंग फॉर्मूला बाद में तय किया जाएगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को फारूक अब्दुल्ला के आवास पर मुलाकात की। इसके बाद गठबंधन का ऐलान किया गया। शीट शेयरिंग को लेकर पूछे गए सवाल पर फारूक अब्दुल्ला ने कहा किया फर्स्ट फेज की वोटिंग से पहले सब सामने आ जाएगा। हालांकि, 86 साल के फारूक अब्दुल्ला ने ये साफ नहीं किया कि वो विधानसभा चुनाव लड़ेंगे या नहीं। फारूक अब्दुल्ला ने बताया किया हमारी अच्छी बैठक हुई है। गठबंधन सही रास्ते पर है। भगवान ने चाहा तो यह सुचारू रूप से चलेगा। गठबंधन फाइनल हो गया है। गठबंधन सभी 90 सीटों को लेकर है।



**स्पेशल खबर** *राहुल-खड़गे ने किया वादा, बोले-*

# जम्मू-कश्मीर को देंगे राज्य का दर्जा

**श्रीनगर ( एजेंसी )। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान गुरुवार, 22 अगस्त को श्रीनगर में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया।**

नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत की और जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए जमीनी स्तर की तैयारियों पर फीडबैक लिया, जो तीन चरणों में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को होने वाले हैं। राहुल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन में भी हमारी प्राथमिकता है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल किया जाए। हमें उम्मीद थी कि चुनाव से पहले यह काम हो जाएगा, लेकिन चुनाव घोषित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह एक कदम आगे है और हम उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द से जल्द राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर के लोगों के अधिकार, लोकतांत्रिक अधिकार उन्हें वापस मिलेंगे। आजादी के बाद यह पहली बार है कि कोई राज्य केंद्र शासित प्रदेश बना है। कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। केंद्र शासित प्रदेश राज्य बन गए हैं, लेकिन यह पहली बार है कि राज्य केंद्र शासित प्रदेश बन गया है।





# गोविंदराजन पद्मनाभन प्रतिष्ठित विज्ञानरत्न पुरस्कार से सम्मानित

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के अग्रदूत प्रोफेसर गोविंदराजन पद्मनाभन को गुरुवार को प्रतिष्ठित विज्ञान रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा विज्ञान श्री, विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर और विज्ञान टीम श्रेणी में प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों को 33 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित एक पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार-2024 प्रदान किए। उन्होंने देश में आणविक जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान के अग्रदूत प्रोफेसर गोविंदराजन पद्मनाभन को विज्ञान रत्न पुरस्कार प्रदान किया। यह पुरस्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में आजीवन योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाले 13 वैज्ञानिकों को उनके संबंधित क्षेत्रों में पथ-प्रदर्शक अनुसंधान के लिए विज्ञान श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।